1. भारतमाता कविता का संदेश है
   (1) सबको मिलकर गाना है
   (2) भारत माता का जयजयकार करना है
   (3) भारत में हिंदु-मुस्लिम-सिख-ईसाई सब रहते हैं
   (4) हम सब आपस में बराबर के मित्र और भाई भाई हैं

2. हमारे झंडे पर अंकित 'अशोक चक्र' इसका प्रतीक है
   (1) त्याग, अहिंसा, शांति और धर्म का
   (2) सुख, शांति, न्याय, अहिंसा का
   (3) सत्य, अहिंसा, धर्म और न्याय का
   (4) शांति, त्याग, सत्य और न्याय का

3. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वर्ग
   (1) होशयार, घमंडी, पुछना, फरख
   (2) प्रतीक, अमीर, हल्दी, सिर्फ
   (3) मागना, तिरुपती, दफतर, चेन्नई
   (4) मीलकर, आवो, सन्मान, विशेष

4. सर्वनामों के सही रूप है
   (1) तुम - तेरा
   (2) वह - तुम्हारा
   (3) यह - उनका
   (4) ये - इनका

5. 'गोधन' शब्द से यह प्रतीत होता है
   (1) गाय से प्राप्त संपत्ति
   (2) किसी से पास का गाय-बैल आदि का झुंड
   (3) गाय से पाप्त दूध, दही, मक्खन, घी आदि
   (4) गोबर से बनी खाद से प्राप्त अच्छी फसल

6. पेडों से होनेवाला सबसे महत्त्वपूर्ण लाभ
   (1) पर्यावरण अच्छा होता है
   (2) फल मिलते हैं
   (3) हमें लकडी मिलती है
   (4) दवाएँ प्राप्त होती हैं

7. मुखिया ने सूत कातने का काम
   (1) औरतों को दिया
   (2) लडकियों को दिया
   (3) जुलाहों को दिया
   (4) औरतों और लडकियों को दिया

8. गर्मी की छुट्टियों में पवन कुमार अपने मित्रों के साथ ———— जा रहा है
   (1) मद्रास
   (2) महाबलेश्वर
   (3) मैसूर
   (4) भुवनेश्वर

9. दादाजी को दूकानदार से बाकी ———— रुपये दिये।
   (1) सवा बारह
   (2) पौने आठ
   (3) पौने सात
   (4) पौने दस

10. भक्त पोतना कलम के धनी ही नहीं, ———— भी कुशल थे।
   (1) खेती करने में
   (2) पकाने मे
   (3) हल चलाने में
   (4) गाय चराने में

11. वसंत पंचमी के दिन लोग-वस्त्र पहनते हैं

(1) पीले

(2) लाल

(3) गुलाबी

(4) सफेद

12. 'पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार' – अगली पंक्ति का सही रूप

(1) काते यह चक्की पली, पीस खाय संसार

(2) वाते यह चक्की बरी पीस खाय संसार

(3) ताते यह चक्की भली, पीस खाय संसार

(4) ताते यह चक्की भलि, पिस का संसार

13. ये स्वाद जीवन के तरह-तरह के अनुभवों के प्रतीक हैं। यह कथन उगादि के संदर्भ में वार्तालाप में कहा

(1) कृष्णा ने

(2) सुरेश ने

(3) रमेश ने

(4) रामकृष्ण ने

14. सन् 1920 में अपने प्रयोगों से टेलीविज़न को ———— ईजाद किया।

(1) ज्योरिक्सि ने

(2) क्यांबेल स्विंटन ने

(3) पॉल निपकौ ने

(4) चार्लस एफ जेंकिन्स ने

15. मीराबाई के पद का सही क्रम

(1) मोर मुकुट मकराकृत कुंडल चंदन तिलक दिए भाल

(2) मोर मृकुट मकराकृत कुंडल लाल तिलक दिए भाल

(3) मोर मुकुट मकराकृत कुंडल अरून तिलक दिए भाल

(4) मोर मूकूट मकरकृत कूंडल अरुन तीलक जैसे भाल

16. जातिवाचक संज्ञा शब्दों से भाववाचक संज्ञा

(1) हँसना-हँसी, नगर-नागरिकता

(2) सुंदर-सुंदरता, कोमल-कोमलता

(3) पशु-पशुता, मानव-मानवता

(4) हरा-हरियाली, लड़का-लडकपन

17. अध्यापक रामकृष्णा राव को हिन्दी में उनके प्रिय शिष्य ———— ने पत्र लिखा

(1) उमेश

(2) रमेश

(3) गणेश

(4) सुदेश

18. सब की स्वागत, सब का आदर, सब का सम सम्मान यहाँ। इसके पहले की पंक्ति है

(1) एक साथ मिल बैठ बाँट लो अपना हर्ष-विषाद यहाँ।

(2) जाति धर्म या संप्रदाय का नहीं भेद-व्यवधान यहाँ।

(3) सब का शिव-कल्याण यहाँ है, पावे सभी प्रसाद यहाँ।

(4) भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहाँ।

19. भक्त रामदास ने एक भक्ति शतक की भी रचना की है। वह है

(1) दाशरथी शतकम्

(2) भागवत शतकम्

(3) भागिरथी शतकम्

(4) रामायण शतकम्

20. सही शुद्ध वाक्य का रूप है

(1) हमारी विज्ञानदायक बहुत ही यात्रा है रही

(2) हमारी विज्ञानदायक बहुत ही यात्रा रही है

(3) हमारी यात्रा बहुत ही विज्ञान-दायक रही है

(4) हमारि यात्रा बहूत ही विज्ञानदायक रहि है

21. जान परतु है काक-पिक, रितु ———— के माहि।

(1) वर्षा

(2) शरद

(3) हेमंत

(4) वसंत

22. 1665 का अक्षरों में रूपान्तर

(1) सोला सौ पैंसठ

(2) सोलह सौ पैंसठ

(3) सोलह सौ पैंसटा

(4) सोलह सौ पौंसट

23. 'अब जब तक बहू के सिर से हत्या न उतर जाए तब तक न कोई पानी पी सकता है, न खाना खा सकता है'। यह किसने कहा?

(1) पण्डित परमसुख ने

(2) मिसरानी ने

(3) सास जी ने

(4) किसनू की माँ ने

24. स्पर्शसूचक गुणवाचक विशेषण के उदाहरण

(1) मधुर, कटु

(2) कोमल, कठोर

(3) अच्छा, भला

(4) बुरा, दुष्ट

25. तू जननी मत की अति भोरी, इनके कहे पतियायो॥ 'पतियाना' शब्द का अर्थ

(1) किस विश्वास से

(2) समझाना

(3) बतलाना

(4) विश्वास करना

26. माता बालक को दूध पिलाती है। इसमें

(1) द्वितीय प्रेरणा है

(2) इसमें प्रेरणा नहीं है

(3) इसमें प्रथम प्रेरणा है

(4) प्रेरणार्थक क्रिया का सामान्य रूप है

27. कर्तव्य कविता का पद्यांश ———— खण्ड काव्य से लिया है

(1) मुकुल

(2) पथिक

(3) प्राथेय

(4) चिदम्बरा

28. दत्तक पुत्र को पीठ पर बाँध कर घोड़े पर सवार रानी अंग्रेज सेना पर टूट पड़ी

(1) दुर्गा की तरह

(2) वीरांगना की तरह

(3) मरदानी की तरह

(4) रणचण्डी की तरह

29. संदिग्ध भूतकाल का उदाहरण है

(1) यदि बादल आते तो वर्षा होती

(2) वह गया होगा

(3) मैं ने पुस्तक पढ़ी है

(4) मैं खाना खाऊँ

30. सोहन पक्षी स्वभाव से शर्मिला है वह ———— चलना अधिक पसंद करता है

(1) धीरे-धीरे

(2) तेजी से

(3) ठुमक-ठुमक

(4) छलांग लगाकर

31. भगवान ने ये दोनों विद्याएँ भी खूब बनाई हैं। एक से समय बचता है, दूसरे से समय कटता है

(1) मोटर, क्रिकेट

(2) गाडी, तबला

(3) साइकिल, हारमोनियम

(4) हवाई जहाज, सीतार

32. बंजारा लोकों में मिट्टी की पूजा ———— समझी जाती है।

(1) धरती की पूजा

(2) अन्नपूर्णा की पूजा

(3) देवता की पूजा

(4) प्रेम की पूजा

33. उँचे सेमल के फूलों का झंडा———— उड़ाना।

(1) हरा

(2) लाल

(3) पीला

(4) नीला

34. हमारा पहला उपग्रह आर्यभट्ट ———— ई. में अंतरिक्ष में स्थापित किया गया।

(1) 18 अप्रैल 1974

(2) 15 अप्रैल 1973

(3) 23 अप्रैल 1975

(4) 19 अप्रैल 1974

35. लोग कहैं मीरा भाई बावरी, <u>न्यात</u> कहै कुलनासी रे। रेखांकित शब्द का लिंग बदलने से शब्द बनता है

(1) नंदोई

(2) पति

(3) जेठ

(4) ससुर

36. किन्तु बिना पंखों के विचार सब रीते हैं, अगली पंक्ति है

(1) हाय ! पक्षियों से भी मनुष्य दुर्बल हैं।

(2) हाय ! पक्षियों से भी मनुष्य गये-बीते हैं।

(3) हाय ! पक्षियों से भी मनुष्य गये-गुजेर हैं।

(4) हाय ! पक्षियों से भी मनुष्य कमजोर हैं।

37. व्यायाम और शारीरिक शिक्षा के लिए भी विद्याध्ययन में उतना ही स्थान होना चाहिए, जितना मानसिक शिक्षा का है। यह कथन है

(1) गाँधीजी का

(2) नेहरुजी का

(3) विवेकानंद का

(4) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण का

38. भारतीय संस्कृति का कार्यक्षेत्र है

(1) मानव कल्याण

(2) भारत वर्ष

(3) अखिल विश्व

(4) अखंड भारत

39. ताई ने मनोहर को अपनी गोद से ढकेल दिया। वह नीचे गिर पड़ा

(1) भय से चला गया

(2) शरीर में चोट लगी

(3) हृदय पर चोट लगी

(4) शरीर में चोट नहीं लगी

40. प्रताप ने डबडबाई आँखों से ही देखा। उनका

(1) चिर सहचर प्यारा चेतक दम तोड रहा था

(2) शक्तिसिंह नत मस्तक खडा होकर प्रायश्चित करने तैयार था

(3) मन्नाजी ने बलिदान का सेहरा अपने शीश चढाया

(4) हल्दी घाटी में खून की नदियाँ बहने लगीं

41. सागर और मेघ पाठ में - मेघ का कहना है

(1) तब भी मैं अपना व्रत नहीं छोडता।

(2) और मैं जो उसे विश्राम देता हूँ?

(3) हाँ आततायियों को समुचित दण्ड के लिए।

(4) आः ! उच्छृंखलता की इतनी बढ़ाई।

42. भारतीय किसान की

(1) साक्षरता जीवन संगिनी हैं

(2) निर्धनता जीवन संगिनी है

(3) अशिक्षा एवं निर्धनता जीवन संगिनी है

(4) निरक्षरता एवं अज्ञानता जीवन संगिनी है

43. ईर्ष्या करना क्षुद्राशयों का काम है। यह कथन है

(1) नारद का

(2) इन्द्र का

(3) विश्वामित्र का

(4) वशिष्ट का

44. यह कर्तृवाच्य का उदाहरण है

(1) चोर को पकड़ने का प्रयत्न किया गया।

(2) लड़के से काम किया जा सका।

(3) सीता ने भोजन किया होगा।

(4) रमा से पानी पिया गया होगा।

45. सुमित्रानंदन पंतजी ने सुख-दुःख में मानव जीवन का 'आनन' कैसा बताया

(1) साँझ-उषा का

(2) विरह-मिलन का

(3) सुख-दुःख के मधुर मिलन का

(4) चिर हास अश्रुमय

46. ———— भरत भूमि का अंग-अंग बाणों से।

(1) अक्षत-क्षत है

(2) क्षत विक्षत है

(3) क्षत-अक्षत है

(4) त्राहि-त्राहि है

47. पोथी-पुराण, अजान बाहु समास है

(1) कर्मधारय, द्विगु समास

(2) तत्पुरुष, कर्मधारय

(3) द्वन्द्व, बहुव्रीही समास

(4) द्विगु, द्वन्द्व समास

48. इंद्र के हथियार का नाम है

(1) पांचजन्य

(2) वज्र

(3) कौमोदकी

(4) कृपाण

49. तुलसी के अनुसार वशीकरण मंत्र है

(1) मधुर प्रेम

(2) संगित

(3) मीठे वचन

(4) सुंदरता

50. कबीर जी के अनुसार हमारे पास पडोस में रखना चाहिए

(1) सज्जन को

(2) निंदक को

(3) दयालु को

(4) श्रद्धालु को

51. जब जीवन को होता है, तब हजारो ढ़ंग बचने के निकल आते हैं। यह वाक्य इस पाठ से संबंधित है

(1) स्मृति

(2) मानसरोवर की यात्रा

(3) प्रेमचन्द

(4) शिवाजी का सच्चा स्वरूप

52. मनुस्मृति में कहा गया है कि जो वृक्षारोपण करता है, वह ———— पितरों का उद्धार करता है।

(1) बीस हजार

(2) तीस हजार

(3) दस हजार

(4) आठ हजार

53. प्रेमचंद, मैक्सिम गोर्की और शरत्चंद्र का देहावसान उसी वर्ष हुआ। प्रेमचंद ने ———— की मायु में आँखें मूँद लीं।

(1) 56

(2) 54

(3) 55

(4) 50

54. कुंतल भाई बहनों की देखरेख करते हुए पडोसिन की भी सहायता करती रहती थी। वह ———— थी।

(1) पिता विहीन

(2) प्रेम विहीन

(3) माता विहीन

(4) पुत्र विहीन

55. पंचनद – शब्द का अर्थ

(1) पाँच तीर्थस्थल

(2) पाँच पर्वत

(3) पाँच नदियाँ

(4) पाँच नाद

56. "देखने में छोटे लगे घाव करें गंभीर।"

उक्ति इनके काव्य पर खरी उतरती है

(1) कबीर

(2) वृन्द

(3) दिनकर

(4) बिहारी

57. घर के भीतर कई दिनों के बाद

(1) चुहे आए

(2) दाने आए

(3) धुआँ आया

(4) चमक आई

58. चंद्रशेखर ने धनुष बाण चलाना ———— सीखा।

(1) पिता से

(2) गुरु से

(3) भीलों से

(4) दोस्तों से

59. वर्षा जल को संचित व संरक्षित करना जरूरी है। आकाश से गिरनेवाला ———— जल समुद्रों में व्यर्थ बह जाता है।

(1) 50%

(2) 60%

(3) 40%

(4) 80%

60. निर्मला उपन्यास प्रेमचंदजी ने सन् ———— में लिखा।

(1) 1923

(2) 1924

(3) 1926

(4) 1928

61. 'विद्यार्थी में अपने आप मातृभाषा को प्रसंगानुसार विषय के अनुसार धारा-प्रवाह बोलने की क्षमता का पूरा-पूरा विकास होना' – यह इसका शिक्षण उद्देश्य है

(1) अंग्रेजी भाषा

(2) हिन्दी भाषा

(3) प्रथम भाषा

(4) द्वितीय भाषा

62. नाटक या एकाँकी शिक्षण के अंतर्गत यह भाषा प्रायोजना का कार्य करेगा

(1) कक्षाभिनय

(2) नेपथ्य शाला

(3) मंच तक्षक

(4) अभिज्ञापक

63. वाचन के कौशल में प्रवीणता की दृष्टि से यह बात कही जा सकती है

(1) लिपि-चिह्नों को ध्वनियों के रूप में व्यक्त कर सकना

(2) ध्वनियों को लिपि-चिह्नों में लिख सकना

(3) भाषा की ध्वनियों को स्पष्ट रूप से सुन सकना

(4) शुद्ध वर्तनी में लिख सकना

64. भाषा-शिक्षण की दृष्टि से ये दो बातें बडी महत्वपूर्ण हैं

(1) अर्थ ग्राह्यता – अर्थ ग्रहण

(2) अर्थ ग्राह्यता – अभिव्यक्ति

(3) भाव-प्रकाशन – अभिव्यक्ति

(4) मौखिक अभिव्यक्ति – लिखित अभिव्यक्ति

65. शिक्षाविदों और मनोवैज्ञानिकों ने समय-समय पर इस बात का विचार किया है कि कक्षाध्यापन के लिए किन-किन सिद्धान्तों को अपनाया जाए। ऐसे सिद्धान्त सूत्रों का संग्रह सर्वप्रथम इन्होंने किया था

(1) योकम व सिम्पसन

(2) हर्बर्ट स्पेन्सर

(3) रायबर्न

(4) पिन्सेट

66. बालक-बालिकाओं द्वारा अध्यापक के आदर्श लेख का बिलकुल वैसा का वैसा अनुकरण

(1) सुलिपि

(2) प्रतिलिपि

(3) अनुलिपि

(4) श्रुतलिपि

67. छोटों के साथ कैसे बातचीत की जाये, बडों के साथ कैसे बोला जाये, विद्वानों के साथ कैसी बोली बोलें, ऐसी सभी बातों का पूरा-पूरा ज्ञान होना चाहिए। वार्तालाप की यह विशेषता है

(1) मधुरता

(2) शुद्धता

(3) शिष्टता

(4) स्पष्टता

68. पाठ-योजना के अंतर्गत मौनवाचन का समय ———— होना चाहिए

(1) गृह कार्य के रूप में

(2) कलाहलपूर्ण

(3) अनिश्चित

(4) निश्चित

69. अक्षर-विन्यास या वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को दूर करने के लिए खेल-विधि का सहारा लिया जा सकता है। इसमें एक

(1) संशोधन (अध्यापक द्वारा)

(2) अक्षर-विन्यास प्रतियोगिता

(3) मूल्यांकन

(4) सुलेख का अभ्यास

70. उच्चारणोपयोगी ध्वनि अवयव हैं

(1) ओष्ठ, कान, दाँत, वर्त्स

(2) ओष्ठ, दाँत, वर्त्स, तालु

(3) ओष्ठ, आँख, वर्त्स, तालु

(4) दाँत, वर्त्स, तालु, उंगली

71. लिखित परीक्षा के अंतर्गत आनेवाली बात

(1) रिक्तांशों की पूर्ति करना

(2) सस्वरवाचन करवाना

(3) परीक्षक से प्रश्न पूछने के लिए कहना

(4) मौनवाचन के लिए समय देना

72. छात्रों को इस योग्य बनाना कि वे वर्णनात्मक तथा सूचनात्मक सामग्री का संक्षेपीकरण कर सकें -- भाषा-शिक्षण का यह उद्देश्य इस कक्षा से संबंधित है

(1) प्राथमिक कक्षा

(2) माध्यमिक कक्षा

(3) उच्च कक्षा

(4) उच्च प्राथमिक कक्षा

73. "निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति का मूल" यह किनका कथन है?

(1) बाबू हरिश्चंद्र

(2) डॉ. रघुवीर

(3) डॉ. ग्रियर्सन

(4) महात्मा गाँधी

74. यह विधि व्याकरण के नियमों पर आधारित होती है

(1) अनुवाद विधि

(2) समन्वय विधि

(3) क्रियात्मक विधि

(4) योजना विधि

75. वह दूध पीता है। वह दूध खाता है। ———— अहिन्दी भाषी लोगों की रचना का यह दोष इससे संबंधित है

(1) ध्वनि-विचार

(2) शब्द-विचार

(3) वाक्य-विचार

(4) लिपि-समस्या

76. "हँसी के बिना कक्षा कक्ष बहुत नीरस स्थान होता है। सीमित हँसी शिक्षण में सहायता देती है" – रायबर्न व फोर्ज का यह कथन शिक्षक के इस गुण से संबंधित है

(1) अच्छी आदत

(2) विनोदप्रियता

(3) कक्षा-नियंत्रण

(4) आशावादिता

77. "शिक्षण में प्रेरणा एक शक्तिशाली तत्त्व है, क्योंकि यह रुचि को जाग्रत करता है, ध्यान को केन्द्रित करता है, विचार को तीव्र बनाता है और क्रियाशीलता को जन्म देता है" – शिक्षण का यह कौन-सा सामान्य सिद्धान्त है?

(1) रुचि का सिद्धान्त

(2) प्रेरणा का सिद्धान्त

(3) क्रियाशीलता का सिद्धान्त

(4) नियोजन का सिद्धान्त

78. "पाठ्यक्रम शिक्षक के हाथ में एक साधन है, जिससे यह अपने विद्यालय में, अपने उद्देश्य के अनुसार अपने ———— को कोई भी रूप दे सकता है"। कनिंघम की इस परिभाषा की उचित शब्द से पूर्ति कीजिए।

(1) समय

(2) पाठ

(3) छात्र

(4) वर्ग

79. निबंधात्मक परीक्षण के दोषों से संबंधित जवाब पहचानिए

(1) सीमित प्रतिनिधित्व

(2) अंकन में विविधता

(3) आत्मनिष्ठता

(4) वस्तुनिष्ठता

80. श्यामपट, एपिडियास्कोप, चलचित्र, रेडियो, लिंग्वाफोन, टेलीविजन, रेखाचित्र, नक्शे, वास्तविक वस्तुएँ

इनमें से दृश्य व श्रव्य उपकरण हैं

(1) रेडियो, चलचित्र

(2) चलचित्र, टेलीविजन

(3) टेलीविजन, एपिडियास्कोप

(4) एपिडियास्कोप, श्यामपट

81. वैयक्तिक बुद्धि परीक्षा की सही विशेषता पहचानिए

(1) प्रश्न बनाने में कठिनाई

(2) सामूहिक अनुमान संभव

(3) निष्कर्ष कम प्रमाणित हैं

(4) प्रशिक्षित व्यक्ति की आवश्यकता नहीं

82. "अधिगम-विधि के रूप में बाह्य प्रेरणा आंतरिक प्रेरणा से निम्नतर है" – यह किनका कथन है?

(1) प्रेसी, राबिन्सन व हॉरक्स

(2) ब्लेयर, जोन्स एवं सिम्पसन

(3) क्लासमियर व गुडविन

(4) क्रो एवं क्रो

83. मनोवैज्ञानिक विधियों में से यह विधि वैज्ञानिक है, क्योंकि इसके द्वारा सही आँकडे और तथ्य एकत्र किये जा सकते हैं

(1) साक्षात्कार विधि

(2) निरीक्षण विधि

(3) प्रयोगात्मक विधि

(4) जीवन-इतिहास विधि

84. अभिवृद्धि व विकास के इस सिद्धान्त के अनुसार बालक का विकास सिर से पैर की दिशा में होता है

(1) विकास-क्रम का सिद्धान्त

(2) निरन्तर विकास का सिद्धान्त

(3) एकीकरण का सिद्धान्त

(4) विकास-दिशा का सिद्धान्त

85. विस्मृति के दमन-सिद्धान्त के अनुसार हम

(1) सीखी हुई बात का अभ्यास नहीं करते

(2) दु:खद घटनाओं को याद नहीं रखना चाहते

(3) कम रुचि से सीखते हैं

(4) सीखी हुई बात को निरर्थक समझते हैं

86. स्किनर एवं हैरीमन के अनुसार इस बालक में मानसिक प्रक्रिया की तीव्रता पायी जाती है

(1) मंदबुद्धि बालक

(2) प्रतिभाशाली बालक

(3) पिछडे बालक

(4) अपराधी बालक

87. यह वह प्रेरक शक्ति है, जो हमें किसी व्यक्ति, वस्तु या क्रिया के प्रति ध्यान देने के लिए प्रेरित करती है

(1) प्रेरणा

(2) तर्क

(3) मनोवृत्ति

(4) रुचि

88. "जब एक छात्र विज्ञान के किसी विषय के सामान्य सिद्धान्त को भली प्रकार समझ जाता है, तब उसमें अपने प्रशिक्षण की दूसरी स्थितियों में स्थानांतरित करने की क्षमता उत्पन्न हो जाती है"। सीखने के स्थानांतरण का यह सिद्धान्त है

(1) मानसिक शक्तियों का सिद्धान्त

(2) सामान्य व विशिष्ट तत्वों का सिद्धान्त

(3) समान तत्वों का सिद्धान्त

(4) सामान्यीकरण का सिद्धान्त

89. व्यक्तित्व के गुण मानव-व्यवहार के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन करते हैं। इनमें से सही प्रधान गुण हैं

(1) सुस्त, ढिलमिल

(2) संदेहशील, शतृतापूर्ण

(3) भावुक, कोमल हृदय

(4) उदासीन, झेंपू

90. जब आवृत्ति-वितरण अपूर्ण होता है और उसके निम्नतम एवं उच्चतम प्राप्तांक ज्ञात नहीं होते, तब इस मापक का प्रयोग किया जाता है

(1) मध्यमान

(2) मध्यांक

(3) बहुलांक

(4) मानक विचलन

91. एक छात्र हिन्दी परीक्षा में बहुत कम अंक प्राप्त करता है। उसको शिक्षक किस प्रकार की सहायता दे सकते हैं?

(1) प्रधानाध्यापक के पास भेजना

(2) अभिभावकों को सलाह देना

(3) प्रतिभाशाली बच्चे के साथ बिठाना या अनुत्तीर्ण करना

(4) छात्र से पूछकर समस्या की जानकारी प्राप्त करना और सुलझाना

92. शिक्षक का कक्षा-शिक्षण ———— के अनुसार होना चाहिए।

(1) छात्रों की जरूरत और योग्यता

(2) अपनी योग्यता

(3) प्रधानाध्यापक के निर्देश

(4) अपनी इच्छा

93. पाठशाला के नियमों का स्वयं पालन करके आदर्श प्रस्तुत करना ———— है।

(1) नियम-पालन

(2) आदर्शवाद

(3) अनुशासन

(4) समय-पालन

94. शिक्षक का कार्य अनेक रूपों में ———— से जुडा हुआ है।

(1) पाठशाला

(2) समाज

(3) छात्र

(4) विषय

95. बालक के भाषा विकास कार्यक्रम का आयोजना ———— के द्वारा आयोजित किया गया।

(1) यस.यस. ए.

(2) यस.यस. सी.

(3) यस.सी.ई.आर. टी.

(4) यन.सी.टी. ई.

96. परिवर्तित होनेवाली अगले साल की परीक्षा-पद्धति में अध्यापक न केवल परीक्षाएँ रखते हैं, साथ ही साथ हर कक्षा के छात्रों को यह कार्य देकर अंक भी देते हैं

(1) प्रायोजना कार्य

(2) प्रायोगिक कार्य

(3) सैद्धांतिक कार्य

(4) गृह-कार्य

97. नये प्रगति-पत्र में चार भाग होते हैं। इनमें से तीसरे भाग का संबंध ———— से है।

(1) पाठ्यांश

(2) व्यक्तित्व

(3) स्वास्थ्य

(4) पाठ-सहगामी क्रियाएँ

98. परीक्षा-पद्धति में होनेवाले सुधारों के अनुसार इकाई परीक्षाओं के अंक का औसत निकालकर दिये जानेवाला भार विवरण

(1) 20 प्रतिशत

(2) 15 प्रतिशत

(3) 25 प्रतिशत

(4) 40 प्रतिशत

99. "उपचारात्मक शिक्षण उस विधि को खोजने का प्रयत्न करता है, जो छात्र को अपनी कुशलता या विचार की तृटियों को दूर करने में सफलता प्रदान करे।" – यह इनका विचार है

(1) योकम एवं सिम्पसन

(2) गैरेट

(3) टर्मन

(4) कोठारी कमीशन

100. यदि बालक की कठिनाई 'अक्षरों को न पहचानना' है तो, इसका उपचारात्मक सुझाव

(1) शिरोरेखा सीधी खींचना

(2) मात्रा संबंधी तृटियों की जानकारी देना

(3) दण्ड देना

(4) प्रदर्शनात्मक पत्र की सहायता से अक्षरों का अभ्यास